सहारा

नई दिल्ली। शुक्रवार • 29 मार्च • 2013

केवीएस में अब वीआईपी सेल

राकेश नाथ/एसएनबी

नई दिल्ली। केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) में अब खास लोगों के कामों का निपटारा नवगठित वीआईपी सेल करेगा। वीआईपी सेल जिन खास लोगों के कार्यों को देखेगा, उनमें राष्ट्रपति से लेकर विधायक शामिल हैं। इन कार्यों में दाखिला, पोस्टिंग, ट्रांसफर, कंप्लेंट, नये स्कूलों का खोलना आदि शामिल रहेंगे। इन खास लोगों की सिफारिश वाले कार्यों को सेल तुरंत करेगा। सेल केवीएस आयुक्त की स्वीकृति से गठित किया गया है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन में अभी तक वीआईपी लोगों के कार्यों के लिए अलग से कोई सेल नहीं था। इस संबंध में केवीएस की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि वीआईपी कैटेगरी के कार्य, जो अभी तक आयुक्त सेल, अतिरिक्त आयुक्त सेल(प्रशासन), शैक्षणिक व अन्य विभागों में भेजे जाते थे, अब वीआईपी सेल को सीधे भेज दिए जाएंगे। सेल इन्हें आगे अन्य विभागों को भेजेगा।